University in News on 06 March 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

गृहविज्ञान, भूगोल व अंग्रेजी में प्रवेश के लिए कड़ी टक्कर

लविवि में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के सभी विषयों के परिणाम जारी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी में दाखिले के लिए सबसे ज्यादा मारामारी गृहविज्ञान, भूगोल और अंग्रेजी के विषयों में है। गृहविज्ञान में हर सीट के लिए 10, भूगोल में नौ और अंग्रेजी में आठ दावेदार हैं। विवि ने मंगलवार को बचे विषयों की प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया। वेबसाइट पर साक्षात्कार सूची भी जारी कर दी।

लविवि में गृहविज्ञान की पांच सीट के लिए 52 अभ्यर्थी प्रयास करेंगे। भूगोल की 15 सीट पर 131 और अंग्रेजी की 19 सीट पर 152 अभ्यर्थी साक्षात्कार देंगे। इसके अलावा एआईएच की 50 सीट पर 72, मानवशास्त्र की 10 सीट पर 10, अप्लाइड इकोनॉमिक्स की 24 सीट पर 65, अरेबिक की पांच सीट पर छह, बायोकेमिस्ट्री की दो सीट पर 11, बॉटनी की 36 सीट पर 39, बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की 14 सीट पर 66, केमिस्ट्री की 49 सीट पर 67 अभ्यर्थी साक्षात्कार देंगे।

वहीं कॉमर्स की 53 सीट पर 167, डिफेंस स्टडीज की दो सीट पर सात, इकोनॉमिक्स की 34 सीट पर 141, एजुकेशन की 62 सीट पर 259, हिंदी की 108 सीट पर 582, पत्रकारिता की सात सीट पर पांच, लॉ की 52 सीट पर 326, गणित की 12 सीट पर 52, एमआईएच की 18 सीट पर 92, ओरिएंटल संस्कृत की दो सीट पर चार, पर्शियन की तीन सीट पर चार, फिलॉसफी की 8 सीट पर 26, फिजिकल एजुकेशन की 22 सीट पर 17, फिजिक्स की 78 सीट पर 27, पॉलीटिकल साइंस की 52 सीट पर 320 अभ्यर्थी जोर-आजमाइश करेंगे। इसके अलावा सायकोलॉजी की 6 सीट पर 37, लोक प्रशासन की चार सीट पर 25, संस्कृत की 27 सीट पर 56, सोशल वर्क की 9 सीट पर 39, समाजशास्त्र की 51 सीट पर 247, सांख्यिकी की 7 सीट पर 18, उर्दू की तीन सीट पर 16, वेस्टर्न हिस्ट्री की 13 सीट पर 24, जूलॉजी की 67 सीट पर 59, पब्लिक पॉलिसी एंड गवर्नेंस की एक सीट पर 25 अभ्यर्थी साक्षात्कार देंगे।

गृहविज्ञान में प्रत्येक सीट पर 10, भूगोल में नौ और अंग्रेजी में आठ दावेदार देंगे साक्षात्कार

चार विषयों में सीट के बावजूद एक भी अभ्यर्थी नहीं

लविवि में कुछ विषयों में दाखिले की मारामारी है तो वहीं चार विषयों में पीएचडी के लिए एक भी सफल अभ्यर्थी नहीं है। इनमें अरब कल्चर, भाषा विज्ञान, फ्रेंच और पब्लिक हेल्थ विषय शामिल हैं। अरब कल्चर में 14 सीटें थीं, भाषा विज्ञान, फ्रेंच और पब्लिक हेल्थ में एक-एक सीट पर आवेदन मांगे गए थे।

साक्षात्कार का कार्यक्रम

विषय	तारीख
अंग्रेजी	13 मार्च
भूगोल	11 मार्च व 12 मार्च
पत्रकारिता	12 मार्च
फिजिकल एजुकेशन	9 मार्च
वेस्टर्न हिस्ट्री	11 मार्च
उर्दू	9 मार्च
बायोकेमिस्ट्री	13 मार्च
बॉटनी	13 व 14 मार्च
केमिस्ट्री	11,12 व 13 मार्च
जूलॉजी	13,14 व 15 मार्च
मानवशास्त्र	11 मार्च
गणित	7 व नौ मार्च
सांख्यिकी	14 मार्च
अप्लाइड इकोनॉमिक्स	11 व 12 मार्च
कॉमर्स	9,10,11 व 12 मार्च
पार्ट टाइम पीएचडी	
पत्रकारिता	12 मार्च
वेस्टर्न हिस्ट्री	9 मार्च
बॉटनी	14 मार्च
केमिस्ट्री	14 मार्च
जूलॉजी	15 मार्च
सांख्यिकी	14 मार्च
अप्लाइड इकोनॉमिक्स	9 मार्च

नोट- शेष विषयों के साक्षात्कार की तारीख जल्द जारी की जाएगी।

NBT PAGE 5

लखनऊ विश्वविद्यालय | तीन दिवसीय प्रबंधन महोत्सव ग्रविटास 3.0 की शुरुआत

'मैनेजमेंट की पढ़ाई सिखाती है डिसिप्लिन'

एड मैड, मीम्स मार्केटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं हुईं

■ एनबीटी सं, लखनऊ

बिजनेस एजुकेशन की पढ़ाई पुरानी हो चुकी है। अब मैनेजमेंट का दौर है। मैनेजमेंट की पढ़ाई से हम डिसिप्लिन सीखते हैं। ये बातें एलयू में तीन दिवसीय प्रबंधन महोत्सव 'ग्रविटास 3.0' के उद्घाटन पर वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने मंगलवार को कहीं।

वीसी ने कहा कि एमबीए को बिजनेस न बोलकर मैनेजमेंट प्रोग्राम बोलना चाहिए। मैनेजमेंट की पढ़ाई कर के पॉलिटिकल, फाइनेंशियल, स्ट्रैटजिक, टेक्निकल और इंफ्रास्ट्रक्चर कंसलटेंट भी बना जा सकता है। इस दौरान एड मैड, मीम्स मार्केटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं हुईं। कविता, गायन और नृत्य की प्रस्तुतियां दी गईं। छात्रा प्राची ने बताया कि ट्रेजर हंट, डिबेट और क्रिएटिंग वैल्यू फ्रॉम वेस्ट कार्यक्रम को स्टूडेंट्स ने काफी पसंद किया। इस मौके पर प्रति कुलपति प्रो. अरविंद अवस्थी, वाणिज्य विभाग की डीन डॉ. रचना मुज्जू और विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू, डॉ.संजय मेधावी भी मौजूद रहे।

सेल्फी का साथ Photo: Sandeep Rastogi

एलयू में ग्रैविटास 3.0 में फरफॉर्मेंस के बाद जब मौका मिला तो दोस्तों का ग्रुप खुद को सेल्फी लेने से नहीं रोक सका।

HINDUSTAN PAGE 8

रेगुलर पीएचडी के 15, पार्ट टाइम पीएचडी साक्षात्कार में सात विषयों के नाम घोषित

एलयू में पीएचडी के 11 विषयों का रिजल्ट जारी, इंटरव्यू सात मार्च से

प्रवेश प्रक्रिया

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा में 11 अन्य विषयों के नतीजे जारी कर दिए गए हैं। जबकि 15 विषयों के साक्षात्कार की तारीख का भी ऐलान कर हुआ है। सात मार्च से साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू होगी।

एलयू में शैक्षिक सत्र 2023-24 की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के तहत 24 और 25 जनवरी को दोनों परिसरों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसके बाद 26 विषयों के नतीजे जारी किए गए थे। इसके मद्देनजर मंगलवार को 11 अन्य विषयों के भी परिणाम घोषित किए गए हैं। एलयू प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि रक्षा अध्ययन, अर्थशास्त्र, विधि, हिंदी, एमआईएच, पर्शियन, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान, लोक प्रशासन, समाज कार्य और उर्दू विषय का रिजल्ट जारी किया गया है। एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर अभ्यर्थी नतीजे देख सकते हैं। किसी अभ्यर्थी को कोई समस्या है तो वह प्रवेश प्रकोष्ठ से सम्पर्क कर सकेंगे।

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि पूर्व में जारी हुए 26 विषयों के परीक्षाफल में कई विषयों के साक्षात्कार की तिथि तय कर दी गई है। इसमें रेगुलर पीएचडी के 15 और पार्ट टाइम पीएचडी साक्षात्कार के लिए सात विषयों के नाम हैं।

37 विषयों के परिणाम घोषित किए गए अब तक कुल

रेगुलर व पार्ट टाइम पीएचडी के इंटरव्यू की तारीख तय

रेगुलर पीएचडी में कला संकाय में अंग्रेजी, भूगोल, पत्रकारिता एवं जनसंचार, शारीरिक शिक्षा, वेस्टर्न हिस्ट्री और उर्दू विषय है। विज्ञान संकाय में जैवरसायन, वनस्पति, रसायन, प्राणीशास्त्र व कला या विज्ञान में मानवशास्त्र, गणित, सांख्यिकी और वाणिज्य संकाय में एप्लाइड इकोनॉमिक्स व वाणिज्य विषय का नाम है। प्रवक्ता ने बताया कि साक्षात्कार के लिए तिथि तय कर दी गई है। रेगुलर व पार्ट टाइम पीएचडी के लिए इंटरव्यू की तारीख घोषित कर दी गई है। अभ्यर्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर सूची देख सकते हैं।

ग्रविटास: प्रबंधन शिक्षा अनुशासन सिखाती है

लखनऊ विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय प्रबंधन महोत्सव ग्रविटास 3.0 की शुरूआत हुई। उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। कुलपति ने कहा कि बिजनेस एजुकेशन की पढ़ाई पुरानी हो चुकी है। अब मैनेजमेंट का दौर आ गया है। मैनेजमेंट की पढ़ाई करने से हम अनुशासन सीखते हैं। प्रो. राय ने कहा कि एमबीए को बिजनेस न बोलकर मैनेजमेंट प्रोग्राम बोलना चाहिए। इस दौरान एड मैड, मीम्स मार्केटिंग और पोस्टर-मेकिंग जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। इसी तरह कविता, गायन और नृत्य की प्रस्तुति भी हुई।

JAGRAN CITY PAGE III

कल से होंगे लवि में पीएच.डी. के साक्षात्कार

विश्वविद्यालय ने जारी की रेगुलर व पार्ट टाइम पीएच.डी. के साक्षात्कार की समय सारिणी

जासं, लखनऊ: लवि ने रेगुलर और पार्ट टाइम पीएच.डी. दाखिले के लिए साक्षात्कार की समय सारिणी जारी कर दी है। रेगुलर के 15 विषयों में साक्षात्कार सात से 15 मार्च तक होंगे। वहीं, पार्ट टाइम पीएच.डी. के नौ विषयों में साक्षात्कार नौ से 15 मार्च तक होंगे। विस्तृत समय सारिणी लवि की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर अपलोड की गई है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर की ओर से जारी निर्देश के अनुसार प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को दिए गए सीरियल नंबर के अनुसार निर्धारित तिथि व समय पर संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष कार्यालय में साक्षात्कार के लिए रिपोर्ट करनी होगी। अभ्यर्थियों ने अपने सभी शैक्षिक अभिलेख, आरक्षण संबंधी अभिलेख लेकर आना होगा।

पार्ट टाइम पीएच.डी. के साक्षात्कार से पहले अभ्यर्थियों को रिसर्च प्लान लिखना होगा। पत्रकारिता के लिए 12, वेस्टर्न हिस्ट्री व अप्लाइड इकोनामिक्स के लिए नौ, बाटनी, केमिस्ट्री, सांख्यिकी वालों को 14, जूलाजी 15 मार्च को लेखन, अभिलेख सत्यापन व साक्षात्कार के लिए पहुंचना होगा।

रेगुलर पीएच.डी. के साक्षात्कार की तिथियां

विषय	तिथि	समय	क्रम संख्या
गणित	सात मार्च	11 बजे	1-25
	नौ मार्च	11 बजे	26-51
शारीरिक शिक्षा	नौ मार्च	11 बजे	सभी
उर्दू	नौ मार्च	12 बजे	सभी
कामर्स	नौ मार्च	10 बजे	1-40
	10 मार्च	10 बजे	41-80
	11 मार्च	10 बजे	81-120
	12 मार्च	10 बजे	121-162
अंग्रेजी	13 मार्च	10 बजे	1-75
	13 मार्च	एक बजे	76-152
जियोग्राफी	11 मार्च	9:30 बजे	1-80
	12 मार्च	9:30 बजे	81-131
पत्रकारिता	12 मार्च	9:45 बजे	सभी
वेस्टर्न हिस्ट्री	11 मार्च	10:30 बजे	सभी
बायोकेमिस्ट्री	13 मार्च	10 बजे	1-12
	14 मार्च	10 बजे	21-39
बाटनी	13 मार्च	10 बजे	1-20
	14 मार्च	10 बजे	21-39
केमिस्ट्री	11 मार्च	12:30 बजे	1-20
	12 मार्च	12:30 बजे	21-43
	13 मार्च	12:30 बजे	44-67
जूलाजी	13 मार्च	11 बजे	1-20
	14 मार्च	11 बजे	21-40
	15 मार्च	11 बजे	41-59
एंथ्रोपोलाजी	11 मार्च	11 बजे	सभी
सांख्यिकी	14 मार्च	10 बजे	सभी
अप्लाइड इकोनामिक्स	11 मार्च	10 बजे	1-35
	12 मार्च	10 बजे	36-65

हिंदी विषय में 108 सीटों पर 582 दावेदार

लवि ने पीएच.डी प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत 11 और विषयों में सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी। 11 में से हिंदी ऐसा विषय है, जिसमें 108 सीटों पर सबसे ज्यादा 582 अभ्यर्थी सफल होकर साक्षात्कार के लिए अर्ह पाए गए हैं। उसके बाद ला में भी 52 सीटों पर 326 की दावेदारी है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सफल अर्ह अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार की तिथि जल्द ही जारी की जाएगी। अब तक रेगुलर पीएच.डी प्रवेश के लिए 37 विषयों में पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की जा चुकी है। चार विषयों के परिणाम शेष हैं।

विषयवार सीटों के सापेक्ष सफल अभ्यर्थियों की संख्या : रक्षा अध्ययन में दो सीटों पर सात, अर्थशास्त्र की 34 सीटों पर 141, हिंदी में 108 सीटों पर 582, ला में 52 सीटों पर 326, मध्यकालीन और आधुनिक इतिहास की 18 सीटों पर 91, पर्शियन में तीन सीटों पर चार, दर्शनशास्त्र में आठ सीटों पर 26, मनोविज्ञान में छह सीटों पर 37, लोक प्रशासन में चार सीटों पर 25, समाज कार्य में नौ सीटों पर 39, उर्दू में तीन सीटों पर 16 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए पात्र पाए गए हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं व अतिथिगण। अमृत विचार

लविवि के छात्रों ने बताया वोट देने का अधिकार

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यालय के सभागार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों को वोट देने के मौलिक अधिकार पर जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि लविवि के चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह उन्होंने नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक निरंतर और सामूहिक प्रयास पर जोर दिया। एनएसएस समन्वयक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने चुनावी प्रक्रिया में समावेशिता के महत्व पर प्रकाश डाला। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अलका मिश्रा और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

परीक्षा उत्तीर्ण करने के दिए टिप्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लविवि में हुए सेमिनार में विशेषज्ञों ने साझा किये अनुभव

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में पठन- पाठन के साथ अब परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाएगी। इसको लेकर पहले चरण में अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय ने डायनामिकस ऑफ एप्टीट्यूड बेस्ड एग्जाम्स आफ्टर ग्रेजुएशन विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें छात्रों को प्रमुख जानकारियां दी गईं।

मुख्य वक्ता ट्रेनर सूर्य प्रताप सिंह ने स्नातक के बाद कैट, जीमैट, गेट, यूपीएससी और अन्य सरकारी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के उपाय बताए। इनका उद्बोधन प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के सिलेबस और मुख्य विषयों पर केंद्रित रहा। छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एक अध्ययन अनुसूची बनाएं और उस पर अपने आप को केन्द्रित करें। प्रत्येक विषय के लिए उसके वजन के आधार पर समय बांटना भी आवश्यक है। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन प्लेसमेंट इंचार्ज, डॉ. हिमांशु पांडेय एवं अभियांत्रिकी संकाय के छात्र रजनीश शर्मा ने किया। 150 से अधिक शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

स्वास्थ्य का भी रखना होगा ध्यान : ट्रेनर सूर्य प्रताप सिंह का कहना है कि पर्याप्त नींद, उचित पोषण, और नियमित ब्रेक्स के साथ एक स्वस्थ जीवनशैली ध्यान केंद्रितता और उत्पादकता को बढ़ायेगी।

150 छात्र-छात्राओं को मिले रोजगार के अवसर

अमृत विचार: जय नारायण मिश्र महाविद्यालय में दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इसमें टीसीएस हेड अजय सिंह मुख्य अतिथि और जिला सेवायोजन अधिकारी विशिष्ट अतिथि प्रज्ञा त्रिपाठी रही। इसमें 150 छात्र-छात्राओं को रोजगार के अवसर मिले। टीसीएस हेड ने छात्र-छात्राओं से कहा कि पढ़ाई के साथ आईटी पर भी पकड़ बनाएं। सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि ध्येय तय कर लो सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने बताया कि छात्र, सेवायोजन कार्यालय की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

ग्रविटास में छात्रों ने बिखेरे खुशियों के रंग

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विवि में मंगलवार को ग्रविटास वार्षिक प्रबंधन महोत्सव शुरू हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन विवि के कुलपति आलोक कुमार राय ने किया। इसमें एड मैड, मीम्स मार्केटिंग और पोस्टर-मेकिंग के साथ रचनात्मक कार्यों पर चर्चा हुई। पोस्टर्स के माध्यम से नवाचार प्रदर्शित किया गया। प्रतिभागियों ने ऐड मैड, ट्रेजर हंट डिबेट, क्रिएटिंग वैल्यू फ्रॉम वेस्ट में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कविता, गायन, और नृत्य में प्रस्तुतिकरण किया गया। अतिरिक्त प्रो-वाइस-चांसलर प्रो. अरविंद अवस्थी, वाणिज्य विभाग की डीन डॉ. रचना मुज्जू, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संगीता साहू भी मौजूद रहे। छात्रों ने मलोमैनियैक बैंड के सुरों से मन मोहा।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठयक्रम को ठीक से समझें

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के प्लेसमेंट सेल ने डायनामिकस ऑफ एप्टीट्यूड बेस्ड एग्जाम्स आफ्टर ग्रेजुएशन विषय पर

यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने की बताई रणनीतियां

आयोजित सेमिनार में अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो.ए.के.सिंह ने वक्ता सूर्य प्रताप सिंह को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। सेमिनार के मुख्य वक्ता,मोटिवेशनल स्पीकर और ट्रेनर सूर्य प्रताप सिंह ने स्नातक के बाद कैट, जीमैट, गेट, यूपीएससी और अन्य सरकारी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने की रणनीतियों को साझा किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के सिलेबस को ठीक से समझें और मुख्य विषयों पर ध्यान केंद्रित करें। विशेषज्ञों के सुझाव पर मानक पाठ्य पुस्तकों और अध्ययन सामग्री का उपयोग करें। उन पुस्तकों का चयन करें जो सिद्धांतों को स्पष्ट रूप से समझाती हैं। उन्होंने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि एक अध्ययन अनुसूची बनाएं और उस पर अपने आपको कस्टमाइज करें। प्रत्येक विषय के लिए उसके वजन के आधार पर समय बांटें। कमजोर क्षेत्रों को प्राथमिकता दें, लेकिन किसी भी विषय को नजरअंदाज न करें। समस्याओं को नियमित रूप से हल करें। सिद्धांतों और संख्यात्मक समस्या-समाधान पर काम करें ताकि आपकी समझ मजबूत हो सके। वास्तविक परीक्षा माहौल को अनुकरण करने के लिए नियमित मॉक परीक्षण देकर अपने प्रदर्शन का विश्लेषण करके, कमजोर क्षेत्रों की पहचान करें और उन्हें सुधारने पर काम करें। उन्होंने कहा कि मॉक परीक्षण, वास्तविक परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन में मदद करते हैं। समस्या-समाधान के लिए शॉर्टकट तकनीकें सीखें और लागू करें। इससे आपकी गति और सटीकता मे परीक्षा के दौरान काफी सुधार हो सकता है। पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को हल करके आप परीक्षा के पैटर्न और पूछे जाने वाले प्रकार को समझ सकते है, साथ ही परीक्षा के प्रारूप के साथ परिचित हो सकते है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान भी रखना होगा। पर्याप्त नींद, उचित पोषण और नियमित ब्रेक्स के साथ एक स्वस्थ जीवनशैली आपकी ध्यानकेंद्रितता और उत्पादकता को बढ़ायेगी। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन एवं संचालन प्लेसमेंट इंचार्ज, डॉ.हिमांशु पांडेय एवं अभियांत्रिकी संकाय के छात्र रजनीश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में 150 से अधिक शिक्षकों एवं छात्र-छात्रों ने प्रतिभाग किया।

लविवि में ग्रविटास 3.0 वार्षिक प्रबंधन महोत्सव का शुभारम्भ

स्वतंत्र भारत संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के व्यापार प्रशासन विभाग में ग्रविटास 3.0,वार्षिक प्रबंधन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव जीवंत समर्थन, मौलिकता, कार्यकुशलता और उत्कृष्ट सोच को दर्शाता है। मंगलवार को

छात्रों को रचनात्मकता के महत्व को समझाने पर दिया जोर

उद्घाटन समारोह के साथ महोत्सव का आगाज हुआ। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय, प्रतिकुलपति प्रो.अरविंद अवस्थी, वाणिज्य विभाग की डीन डॉ.रचना मुज्जू और विभागाध्यक्ष प्रो.संगीता साहू, संकाय के शिक्षक और छात्र समारोह के उद्घाटन सत्र में एकत्रित हुए। कुलगीत के साथ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से समारोह की शुरूआत हुई और एक सकारात्मक व उत्साहित माहौल बन गया। विभाग के प्रमुख ने ग्रविटास का परिचय दिया और छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने छात्रों को अपने प्रयोगशील शिक्षा के साथ अनुभव का महत्व बताया। इसके साथ ही कुलपति ने छात्रों को भविष्य के प्रबंधन कार्यक्रमों में सक्रिय भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने इन समारोहों के महत्व को बढ़ावा देने में नवीनता और रचनात्मकता के महत्व को समझाने पर जोर दिया। उनके इनोवेशन के माध्यम से कौशल विकास और मास्टरी की ओर मार्गदर्शन करने के बारे में बयान ने उपस्थित छात्रों को व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के लिए शामिल होने के लिए प्रेरित किया। खुशहाली भरे माहौल में कुलपति ने समारोह की आधिकारिक शुरुआत की। एड मैड,मीम्स मार्केटिंग और पोस्टर-मेकिंग के साथ यह दिन एक रचनात्मक और हास्यमय उत्साह के साथ शुरू हुआ। पोस्टर्स में नवाचार का एक विशिष्ट संगम दिखाया गया। जबकि मीम-मार्केटिंग ने कार्यक्रम के लिए एक जीवंत रूप स्थापित किया। सुबह के रचनात्मक प्रयासों के बाद, दिन ने कई रोमांचक गतिविधियों के साथ विकसित हुआ। प्रतिभागियों ने ऐड मैड, ट्रेजर हंट डिबेट और क्रिएटिंग वैल्यू फ्रॉम वेस्ट जैसी घटनाओं में अपनी प्रतिभाएं प्रदर्शित की,जिससे उनके विभिन्न कौशल और नवाचारी विचार प्रकट हुए।

लविवि में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अलका मिश्रा ने एक दिवसीय मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया। विवि स्थित एनएसएस कार्यालय सभागार में मतदाता जागरूकता शिविर का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ हुआ। चुनावी प्रक्रिया में सूचित और सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के एक समर्पित प्रयास में इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के वोट देने के मौलिक अधिकार और कर्तव्य पर जोर देना था। वहीं, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लविवि के चीफ प्रोवोस्ट प्रो.अनूप कुमार सिंह उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने राष्ट्र को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के ज्ञान के साथ नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक निरंतर और सामूहिक प्रयास पर जोर दिया। एनएसएस समन्वयक डॉ.अमरेंद्र कुमार ने चुनावी प्रक्रिया में समावेशिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि पृष्ठभूमि के बावजूद, प्रत्येक पात्र नागरिक को वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए सशक्त और प्रोत्साहित महसूस करना चाहिए, क्योंकि विविधता राष्ट्र की ताकत है और हर वोट मायने रखता है। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों की भी सक्रिय भागीदारी देखी गई जिन्होंने मतदान के महत्व पर अपने विचार साझा किए। चुनावी प्रक्रिया में अच्छी तरह से सूचित होने और सक्रिय रूप से शामिल होने के महत्व को रेखांकित करते हुए कार्यक्रम के दौरान पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। डॉ.अलका मिश्रा ने एक टिप्पणी और धन्यवाद प्रस्ताव के साथ शिविर का समापन किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी पर बल दिया।